प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन – 2019
प्रपत्र उपयोग विवरण

परीक्षा केन्द्र हेतु

प्रपत्र 1 – **कक्षावार उपस्थिति प्रपत्र** – इस प्रपत्र का उपयोग परीक्षा केन्द्र के लिए है। सम्पूर्ण परीक्षा हेतु एक ही प्रपत्र उपयोग करना है, जिसमें प्रतिदिन विषयानुसार परीक्षार्थी के हस्ताक्षर करवाने हैं।

प्रपत्र 2 – इस पत्रक का उपयोग परीक्षा केन्द्र के लिए है। सम्पूर्ण परीक्षा (सभी विषय) हेतु एक ही प्रपत्र उपयोग करना है, जिसमें प्रतिदिन कुल प्राप्त मूल्यांकन प्रपत्र, वितरित मूल्यांकन प्रपत्र, शेष मूल्यांकन प्रपत्र, अनुपस्थित नामांक, लघुशंका करने वाले नामांक आदि जानकारी भरी जाएगी।

प्रपत्र 3 – **परीक्षा में अनुचित साधन प्रकरण प्रपत्र** – इस प्रपत्र का उपयोग परीक्षा केन्द्र के लिए है। परीक्षा में अनुचित साधन के प्रयोग होने पर ही इस प्रपत्र को भरकर डाईट को भेजना है।

प्रपत्र 4 – **केन्दाधीक्षक द्वारा प्रतिदिन मूल्यांकन पत्रक के साथ पार्सल में रखने हेतु प्रपत्र (अनुपस्थिति पत्रक)** – इस प्रपत्र का उपयोग परीक्षा केन्द्र के लिए है। यह प्रपत्र प्रतिदिन मूल्यांकन पत्रक के साथ भेजना है। एक प्रपत्र को मूल्यांकन पत्रक बण्डल/लिफाफे के अन्दर रखना है, एवं एक प्रपत्र को बण्डल/लिफाफे के साथ संग्रहण केन्द्र पर बन्द लिफाफे में जमा करवाना है।

प्रपत्र 5 – **मूल्यांकन पत्रक (उत्तरपुस्तिकाओं) के बण्डल/लिफाफे पर चस्पा किया जाने वाला प्रपत्र** – इस प्रपत्र का उपयोग परीक्षा केन्द्र के लिए है। इस प्रपत्र को प्रतिदिन मूल्यांकन पत्रक बण्डल/लिफाफे के ऊपर चस्पा करना है।

संग्रहन/मूल्यांकन केन्द्र हेतु

प्रपत्र 6 – **डाइट द्वारा संग्रहण केन्द्र प्रभारियों को दिए गए मूल्यांकन पत्रक पैकेट का विवरण** – इस प्रपत्र का उपयोग संग्रहण केन्द्र के लिए है। इस प्रपत्र में डाइट द्वारा संग्रहण केन्द्र को दिए गए मूल्यांकन पत्रक की जानकारी भरी जाएगी।

निरीक्षण हेतु

प्रपत्र 7 – **मूल्यांकन केन्द्र निरीक्षण रिपोर्ट प्रपत्र** – इस प्रपत्र का उपयोग मूल्यांकन केन्द्र निरीक्षक द्वारा मूल्यांकन केन्द्र के निरीक्षण दौरान किया जाएगा।

प्रपत्र 8 – **उड़न दस्ते द्वारा उत्तर पुस्तिका जाँच कार्य के निरीक्षण के दौरान भरा जाने वाला प्रपत्र** – इस प्रपत्र का उपयोग उड़न दस्ते द्वारा मूल्यांकन केन्द्र/संग्रहण केन्द्र के निरीक्षण दौरान किया जाएगा।

प्रपत्र 9 – इस प्रपत्र का उपयोग निरीक्षण दल प्रभारी द्वारा पुलिस चौकी/थाना/विद्यालय (जहाँ प्रश्न–पत्र/मूल्यांकन पत्रक रखे हुए हैं) के निरीक्षण दौरान किया जाएगा।

परीक्षक हेतु

प्रपत्र 10 – **प्रत्येक विषय के परीक्षक हेतु प्राप्तांक सूची प्रपत्र** – इस प्रपत्र का उपयोग मूल्यांकन पत्रक जांच समय परीक्षक द्वारा अंक संग्रहण हेतु किया जाएगा।

डाइट हेतु

प्रपत्र 11 – **ग्रेडिंग युक्त प्रमाण पत्र** – यह प्रपत्र मूल्यांकन उपरान्त अंकतालिका/प्रमाण पत्र के लिए डाइट द्वारा उपयोग में लिया जाएगा।

www.rajteachers.com